Janki Devi Bajaj Government Girls College, Kota

English Department Activity - 2022-23

Spoken English Competition

On 23 February 2023, a 'Spoken English' competition was organized in the college under the joint aegis of Literary-Cultural Forum and English Department, in which students showed their skills, using English language. For this, the girls had to pick up a chit of the given topics and speak on the prescribed themes, in which personality development, time management etc. were the main points. Social topics like impact of social media on society, ways to stay positive, strategies to avoid exam phobia, healthy lifestyle, mental problems of youth, working women vs housewives were also included.

Principal Dr. Sanjay Bhargava commended the effort to bring out the hidden talents of the students and inspired the students in his speech that such activities enhance their personality and give them confidence and help in doing jobs etc.

Literary-cultural forum and program in-charge Dr. Sangeeta Singh, from English department, gave important tips to the students as well as suggested measures to increase the knowledge of English language and the ability of spoken English. She expressed gratitude to all. In this competition Amrita Gaur BSc Part III got the first position, Pooja Saini BSc Part II stood second and Ilma Pathan B.Sc. Part I got the third position. As a special guest, Dr. Jyoti Sidana encouraged the students and said that if they have confidence, then it becomes easy to speak on any subject. On this occasion, Dr. Pratima Srivastava gave important suggestions to the students regarding Spoken English and Dr. Fatima Sultana gave an inspiring address to the students.

दैनिक ब्यूरो

स्पोकन इंग्लिश प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया

जेडीबी कॉलेज साहित्यिक सांस्कृतिक मंच व अंग्रेजी विभाग का आयोजन

कोटा ब्यूरो न्यूज

कोटा 23 फरवरी। जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में साहित्यिक सांस्कृतिक मंच एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज स्पोकन इंग्लिश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अंग्रेजी भाषा का प्रयोग करते हुए अपने कौशल का परिचय दिया। इस हेतु उन्हें चिट उठाकर निर्धारित विषयों पर बोलना था जिसमें व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन इत्यादि मुख्य विषय रहे। सोशल मीडिया का समाज पर प्रभाव, सकारात्मक बने रहने के तरीके, एग्जाम फोबिया से बचने के उपाय, स्वस्थ जीवनशैली, युवाओं की मानसिक समस्याएं, कामकाजी महिलाएँ बनाम ग्रहणी जैसे सामाजिक विषय भी सम्मिलित किए गए।

प्राचार्य डॉ.संजय भार्गव ने छात्राओं के अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं के बाहर निकालने के प्रयास को सराहनीय बताया एवं छात्राओं को अपने उद्बोधन में प्रेरणा देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से उनके व्यक्तित्व में निखार आता है जिसे उन्हें आगे चलकर जॉब इत्यादि करने में बढ़े हुए आत्मविश्वास से सहायता मिलती है ।

साहित्यिक सांस्कृतिक मंच एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ.संगीता सिंह ने छात्राओं को महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए अंग्रेजी भाषा के ज्ञान को और बोलचाल की अंग्रेजी की क्षमता को बढ़ाने के उपाय सुझाए एवं सभी का आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमृता गौड़ बीएससी पार्ट तृतीय ने, द्वितीय स्थान पूजा सैनी बीएससी पार्ट द्वितीय एवं तृतीय स्थान इलमा पठान प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। निर्णायक डॉ.आरती शाह एवं श्रीमती काजल कुमावत रहे। कार्यक्रम में डॉ विकास जांगिड का योगदान रहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.ज्योति सिडाना ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि आपके अंदर आत्मविश्वास है तो किसी भी विषय पर बोलना आसान हो जाता है। इस अवसर पर डॉ.प्रतिमा श्रीवास्तव ने छात्राओं को महत्वपूर्ण सुझाव दिए एवं डॉ फातिमा सुल्ताना ने छात्रों को प्रेरणास्पद संबोधन दिया। इस अवसर पर डॉ.ममता चौधरी, डॉ पूनम जायसवाल, डॉ.सरस्वती अग्रवाल आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

जेडीबी साइंस में इंग्लिश स्पोकन प्रतियोगिता

कॉम्पिटीशन में छात्राओं ने बोली फर्राटेदार अंग्रेजी

नवज्योति/कोटा।

जेडीबी साइंस कॉलेज में गुरुवार को साहित्यिक सांस्कृतिक मंच एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इंग्लिश स्पोकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अंग्रेजी में बातचीत कर कौशल का परिचय दिया। छात्राओं ने व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन सहित कई विषयों पर अंग्रेजी में अपने विचार व्यक्त किए।

सोशल मीडिया का समाज पर प्रभाव, सकारात्मक बने रहने के तरीके, एग्जाम फोबिया से बचने के उपाय, स्वस्थ जीवनशैली, युवाओं की मानसिक समस्याएं, कामकाजी महिलाएं बनाम ग्रहणी जैसे सामाजिक विषय भी सम्मिलित किए गए। प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने कहा, प्रतियोगिताओं के माध्यम से व्यक्तित्व में निखार आता है। अंग्रेजी में बातचीत बोलने से झिझक दूर होने से आत्मविश्वास बढ़ता है, जो नौकरी के लिए इंटरव्यू देने के दौरान कारगर साबित होता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ संगीता सिंह ने छात्राओं को बोलचाल में अंग्रेजी का उपयोग करने के तरीके बताए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमृता गौड़, द्वितीय पूजा सैनी, तृतीय स्थान पर इलमा पठान रही। निर्णायक डॉ. आरती शाह एवं काजल कुमावत रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. ज्योति सिडाना ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास हो तो किसी भी विषय पर बोलना आसान हो जाता है। इस अवसर पर डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ ममता चैधरी, डॉ पूनम जायसवाल, डॉ सरस्वती अग्रवाल, डॉ विकास जांगिड मौजूद रहे।

प्राचार्य
ज. दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा